खिलवाड़ — निजी उपयोग के वाहनों में भेड़-बकरी के तरह भरकर ढोया जा रहा है स्कूली बच्चों को

# मासूम छात्रों की जिन्दगी से खुलेआम खिलवाड़



**नवभारत ,नरसिंहपुर गाडरवारा।** जहां एक ओर शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धडल्ले से निजी शिक्षण संस्थाएं खुल रही है उसका परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि वह बच्चों को शिक्षा देने की ओर कम और अपनी कमाई की ओर ज्यादा ध्यान देते हुये दिखाई देने में पीछे नही है? क्योंकि इन निजी शिक्षण संस्थाओं में अपनी कमाई के चलते स्कूल संचालकों द्वारा मनमाने तोर से अभिभावकों से फीस बसूलते हुए उन्हें अच्छी सुविधाएं देने की बात तो कही जाती है।

मगर उनके द्वारा न तो बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है और न ही उनके द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा बनाये गये नियमों का पालन किया जा रहा है? क्षेत्रों में चल रहे इन स्कूलों द्वारा शिक्षा विभाग के नियमों का पालन करते हुए मुश्किल से दो चार शिक्षण संस्थाएं ही देखने मिल पायेगी जो शिक्षा विभाग के आदेशों के नियमानुसार संचालित हो रही होगी। मगर यहां पर तो स्थिति यह बनी है कि शहर से लेकर गांव गांव किराना दुकान के तरह से निजी शिक्षण संस्थाओं खुलेते हुयें दिखाई देने से नही चूक रही है। शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौरं किया जावे तो जब नया शिक्षा सत्र शुरू होता है तो अिभभावको को अनेक प्रकार के प्रलोभन देने के साथ सभी सुविधाओं का भरोसा दिलाने से नही चूकते है। मगर वह सुविधाएं बाद में कोसो दूर तक दिखाई ही नही देती है। वही दूसरी ओर अविभावकों से बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के नाम पर जिस प्रकार वाहन शुल्क बसूला जाता है। मगर यदि उन वाहनों की स्थिति पर गौर किया जावे तो स्कूली वाहनो में संस्था के संचालको द्वारा मासूम बच्चों को भेड़ बकरी की तरह ठूस ठूस कर भरने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। वही दूसरी ओर अनेक शिक्षण संस्थाओं द्वारा जो वाहन छात्र छात्राओं के लाने ले जाने में उपयोग किये जा रहे है। यदि उनकी आर टी ओं संबंधित जानकारी देखी जावे तो अनेक शिक्षण संस्थाओ के पास वाहनों का परमिट व बीमा ही नही होते है। कुछ वाहन तो इस प्रकार के होते है जो निजी उपयोग के नाम पर दर्ज है। मगर उनका उपयोग स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने में होते हुये देखा जा रहा है।

## वाहनों को चलाने वाले चालकों की सच्चाई

वाहनों को चलाने वाले चालको की सच्चाई तो वह शिक्षा विभाग के नियम से पात्र न होने के बाद भी वह स्कूली वाहन दौड़ाते हुये देखे जा रहे है। नियम के अनुसार बताया जाता हैं कि यदि किसीं शिक्षण संस्था के पास वाहनों का परमिट लिया भी गया है तो वह मात्र नगरपालिका एक फिर नगर परिषद ऐरिया तक ही सीमित है। जबकि इन संस्थाओ द्वारा आने वाहनों को समीपस्थ क्षेत्र के गांवों तक दौडते हुये देखा जा रहा है। इस तरह शहर के बाहरी इलाकों से खुलेआम छात्र छात्राओं को बगैर परमिट व बीमा वाली बसों के माध्यम से लाना ले जाना किया जा रहा है जो पूर्णरूप से अवैध होने के साथ साथ छात्र छात्राओं की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ होने से नही चूक रहा है? वही नियम के साथ यदि किसीं शिक्षण संस्था के पास अपने वाहन का परमिट है भी तो उसमें निर्धारित सबारियों की जगह मनके मुताबिक भेड़ बेकरी के तरह बच्चों को भरने से नही चूक रहे है? जबकि क्षेत्र की अनेक निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा अपने वाहनों का टेक्स तक नही भरे जाने के बाद भी वह स्कूली बच्चों को ढोते हुये देखे जा रहे है।

### बच्चों की जिन्दगी भी खतरे में

संबंधित विभाग को तो राजस्व की क्षति हो ही रही है दूसरी ओर बच्चों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है। मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग से लेकर क्षेत्र केंजिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक पा रही है? इस तरह नगर से लेकर क्षेत्र के अन्य गांवो व कस्बो में संचालित होने वाले अनेक हाई फाई स्टेन्डर शिक्षण संस्थाओं में चल रही बसों व मैजिक गाडिया तथा बेनों सहित आटों में स्कूली बच्चों की जिन्दगी के साथं खलबाड़ होते हुये आसानी से देखा जा सकता है जो बगैर परिमट व बीमा सहित आर टी ओ टेक्स का भुगतान किये हुए प्रतिदिन नगर सहित आसपास के थाने क्षेत्रों की ग्रामीण सड़कों पर दौड़ती हुई नजर आ रही है। इस प्रकार से इन निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा वाहन शुल्क के नाम पर अभिभावकों से तो फीस के रूप में पूरी राशि बसूली जा रही है।

## राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत। गाडरवारा।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से आगामी 13 से 17 नवंबर तक नगर के रूद्र मैदान में आयोजित होने वाली 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता के संदर्भ में अशासकीय स्कूलों के प्रभारियों की बैठक तहसीलदार प्रियंका नेताम, डीपीसी मनीष चौकसे, सहायक संचालक सीमा डोंगरे, नीलम मरावी, एपीसी समीर त्यागी, बीआरसी संदीप स्थापक की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में अशासकीय स्कूलों के प्रभारियों को राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी दीद्य गईं। बैठक में बताया गया कि नगर के अशासकीय स्कूलों का सहयोग आवास एवं परिवहन व्यवस्था में लिया जा रहा है। सभी अशासकीय स्कूल पूर्ण सहयोग कर आयोजन में महती भूमिका का निर्वाहन करें। इस राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से खिलाडी आएंगे। अशासकीय स्कूलों के प्रभारी अपनी सुविधा अनुसार बच्चों को मैच दिखाने रूद्र मैदान लेकर आएं जिससे कि वे खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखकर सीख सकें। बैठक में बड़ी संख्या में अशासकीय स्कूलों के प्रभारी उपस्थित रहे।



## करोड़ों की संपत्ति छोड़कर पति-पत्नी, डॉक्टर बेटी और बेटे के साथ आज लेंगे संन्यास

**नवभारत। नरसिंहपुर।** नगर के ओसवाल (बच्छावत) परिवार की बेटी अनामिका ओसवाल, अपने पति दिनेश कांकरिया, डॉक्टर बेटी हर्षिता और चार्टर्ड अकाउंटेंट में अध्ययनरत बेटे विधान के साथ सांसारिक मोहमाया त्यागकर 9 नवंबर को आचार्य जिन पीयूष सागर के पावन सान्निध्य में जैन दीक्षा ग्रहण करेगा। दिनेश कांकरिया अपनी पत्नी अनामिका ओसवाल ,डॉक्टर बेटी हर्षिता और चार्टर्ड अकाउंटेंट में अध्ययनरत बेटे विधान के साथ सांसारिक मोहमाया त्यागकर सन्यास के मार्ग पर अग्रसर हो रही हैं। एक और बेटी वर्ष 2022 में ही दीक्षा लेकर साध्वी शाश्वत निधि के रूप में साधना कर रही हैं। स्वर्गीय टीकमचंद ओसवाल और श्रीमती कमलाबाई ओसवाल की बेटी अनामिका, जिनका विवाह महाराष्ट्र के धूलिया निवासी दिनेश कांकरिया से हुआ था, उनके परिवार के इस त्याग को समाज एक प्रेरणादायी कदम मान रहा है। परिवार के पास करीब 5 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति है, जिसे छोड़कर वे आत्मसाधना में लीन होंगे। गौरतलब है कि इस परिवार की एक और बेटी वर्ष 2022 में ही दीक्षा लेकर साध्वी शाश्वत निधि के रूप में साधना कर रही हैं। सकल जैन श्वेतांबर संघ द्वारा इस दीक्षार्थी परिवार के अभिनंदन में 9 नवंबर को भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अभिनंदन समारोह श्री मुनिसुब्रत स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर, गुदरी बाजार में सुबह 10.30 बजे से होगा। इससे पूर्व, दीक्षार्थी परिवार का बरघोड़ा (शोभा यात्रा) समारोहपूर्वक मेन रोड से होते हुए बाहरी रोड तक जाएगा। इस अवसर पर विनम्र सागर, पुण्यवर्धन, गुणवर्धन महाराज के पावन सान्निध्य में कार्यक्रम संपन्न होगा।



## आज सरस्वती शिशु मदिर साईखेडा में बालसभा

**साईखेडा।** आज सरस्वती शिशु मदिर साईखेडा में बालसभा आयोजित की गयी जिसमें वन्देमातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वे बर्ष पर गायन भाषण कविता पाठ आदि विधा में भैया बहिनो ने प्रस्तुति प्रदान की जिसमें प्राचार्य सुनील स्थापक वरिष्ठ आचार्य प्रदीप द्ववेदी सुरेश कुशवाहा राजेन्द्र वर्मा राकेश राजोरिया आशीष अग्रवाल राम विलास विश्वकर्मा विनीता स्थापक पूर्णिमा तोमर भागवती खेमरिया परवीन वी प्रियका मेहरा नेहा लोधी अनुष्का भार्गव नेहा शर्मा कन्या भारती अध्यक्ष तुलसी रजक उपाध्यक्ष रोशनी लोधी राखी लोधी देव श्री प्रजापति रोहिणी हरिजन पूर्वी राजपूत शिखा उमरेले ओकेश,दुर्गेश आदित्य हर्षित लोधी सुहानी राजपूत अम्विका लोधी खुशवु लोधी कचंन लोधी संस्कार पटवा आदि ने प्रस्तुति दी कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम् गायन से किया गया बालसभा प्रभारी राकेश खेमरिया ने आभार व्यक्त किया।

## तेंदूखेडा को जरुरत है बालिका छात्रावास की

**नवभारत। तेंदूखेडा।** दिनों दिन छात्राओं की बढ़ती संख्या और प्रतिदिन आवागमन की समस्या को देखते हुए तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेडा में बालिका छात्रावास की महती आवश्यकता काफी लंबे समय से महसूस की जा रही है। यदि पिछले आंकड़े उठाकर देखें तो तेंदूखेडा में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग तीन सौ से चार सौ छात्रायें हायर सेकंडरी स्कूल और उच्च शिक्षा ग्रहण करने 10 से 25 किमी दूर बाहर से आकर शिक्षा ग्रहण किया करती है । एक परिसर शाला के हिसाब से यहां पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक एक हजार के लगभग छात्राएं शामिल हैं। विगत वर्ष का आंकड़ा उठाकर देखें तो इनमें मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं की संख्या में



बढ़ोतरी हुई है। जिनमें पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्रायें है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार कक्षा छठवीं से बारहवीं तक पिछड़ा वर्ग में 474 छात्राएं अनुसूचित जाति में 160 और जन जाति में 118 छात्राएं अध्ययन किया करती हैं। शासकीय महाविद्यालय में पिछड़ा वर्ग में 112 छात्राएं अनुसूचित जाति की 35 और जनजाति वर्ग की 27 छात्राएं अध्ययन करने आती हैं। जो बाहर से आना जाना किया करतीं हैं। चूंकि इस आंकड़े में अशासकीय विद्यालयों की संख्या शामिल नहीं इन स्कूलों में सैकड़ों छात्राएं अध्ययन किया करती है।

### स्कूल का समय मिलाने बसों का करना पड़ता है इंतजार

सुबह स्कूल और कालेज मिलाने से लेकर टाइमिंग यात्री बसों को मिलाने के लिए इन छात्राओं को अपनी दैनिक सभी गतिविधियों से निवृत्त होकर आना फिर वापस लौटना फिर बसों में उन सभी परस्थितियों का सामना करना जो सफर के दौरान देखने मिला करतीं हैं । इतना ही नहीं तेंदूखेड़ा के बस स्टैंड से इन छात्राओं को एक से डेढ़ किमी दूर पैदल जाना पड़ता है। और वापस लौट कर आना पड़ता है। छुट्टी के बाद शाम को वापस जाने के बाद छात्रायें प्रायः थक जाती है। और सर्दियों के दिनों में ज्यादा परेशानी हुआ करती है। इन सभी झंझावतों से बचने के लिए।

## थाना प्रभारी की पत्रकारों से चर्चा, पुलिस टीम का काम नगर को करें सुरक्षित

**नवभारत। करेली।** थाना प्रभारी करेली संधीर चौधरी का विगत दिनों पुलिस प्रशासन ने करेली से स्थानांतरण किया उनकी जगह पर नरसिंहपुर पुलिस विभाग से रत्नाकर हिंगवे को करेली थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ किया गया है। नवागत थाना प्रभारी हिंगवे ने विगत दिवस 8 नवंबर को करेली थाना परिसर में नगर के पत्रकारों से मुलाकात करते समय थाना प्रभारी ने कहा कि करेली में बढ़ते अपराध और युवाओं में नशे की आदत पर चिंता का विषय है। में और मेरी पुलिस टीम इन दोनों सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का काम करेगी और नगर के हर वार्ड में पुलिस की रात्रि कालीन गश्त रहेगी जिससे घरों में



चोरी होने वाले अपराध नहीं होंगे,जल्दी हमारी पुलिस नगर के स्कूलों और गांव-गांव में जाकर शिविर लगाकर नशा मुक्ति और हेलमेट पहनने के बारे में जानकारी देंगे। नाबालिक बच्चियों के लिए सुधारात्मक अभियान भी चलाया जाएगा। पत्रकारों के माध्यम से थाना प्रभारी हिंगवे ने जनता से कहा कि आपराधिक तत्व और अपराध घटना की संभावना बनती है ।

### एक नजर में



## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाएं

**नवभारत।गोटेगांव।** बीते दिवस स्थानीय जनपद पंचायत गोटेगांव के सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी एस.डी.एम संघमित्रा बौद्ध ने सुपरवाइजरों नोडल अधिकारियों की एस आई आर संबंधित अति आवश्यक बैठक ली उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव 118 में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण रिवीजन जारी है उन्होंने आगे कहा सभी अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वे करें और उन मतदाताओं की जानकारी जुटाएं जिनके संदर्भ में मैपिंग पर अभी तक नहीं हुई है एसडीएम ने विशेष रूप से महिलाओं से उनके मायके पक्ष के माता-पिता दादा दादी के नाम रिश्ता विधानसभा क्षेत्र क्रमांक मतदाता केंद्र क्रमांक ससुराल क्रमांक और आदि उपलब्ध हो एपिक नंबर की जानकारी लेना अनिवार्य बताया संबंधित उपस्थित नोडल अधिकारियों ब्लू को इसके लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं।



## एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नवभारत। गोटेगांव** समीपवर्ती श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर में %वंदे मातरम 150 वर्ष राष्ट्रीय जागरण के अमर गान के संबंध में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं दो पीठाधीश्वर ब्रहालीन स्वामी श्री जगतगुरु शंकराचार्य जी के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया तत्पश्चात उद्बोधन क्रम में महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी का प्रो. कमल पटेल ने वंदे मातरम गीत के राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की एवं महाविद्यालय के छात्राओं को इस गीत के महत्व को समझाया उद्बोधन की अगली कड़ी में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के मुखिया डॉक्टर दिलीप पाठक ने छात्र इछात्राओं को वंदे मातरम राष्ट्रीय जागरण के अमर गान के संबंध में बताते हुए कहां की आज वंदे मातरम गीत 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है उसे समय अंग्रेजों के उपनिषदवाद के क्रूर शासन के खिलाफ भारत के युवाओं में राष्ट्रीय चेतना का स्वर मुखरित करने मैं इस गीत का अत्यधिक महत्व रहा है उस समय आजादी के जो भी आंदोलनों में समुदाय इकट्ठा हुआ करता था उस समुदाय में या उद्बोधन श्रृंखला में वहां सर्वप्रथम यही गीत गया जाता था जिससे कि राष्ट्र प्रेम की भावना भारत के हर नागरिक में जागृत हो सके और वह आजादी के इस महती यज्ञ में अपने आहुति दे सके कार्यशाला का संचालन डॉ आशीष कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया।

## हुकम पटेल साई दरबार समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत। गोटेगांव।** स्थानीय भगतसिंह वार्ड स्थित श्री साईं दरबार मंदिर साईं समिति द्वारा श्री साईं बाबा की भक्ति भाव श्रद्धापूर्वक पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ भोग अर्पित कर भव्य महाआरती की गई द्व वही समिति द्वारा सर्व सहमति से निर्णय कर अध्यक्ष पद का चयन किया गया जिसमें हुकुम सिंह पटेल को श्री साईं दरबार समिति का अध्यक्ष चुना गया वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुकुम सिंह पटेल ने साईं समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति ने जो भरोसा मुझ पर जताया हैं में उस पर ईमानदारी निष्ठा पूर्वक अध्यक्ष पद का निर्वहन करने का प्रयास करुंगा! इस अवसर पर निर्मल पटेल डॉक्टर सी.एल सेन आर.के साहू शालिग्राम साहू अरविंद त्रिपाठी राजेंद्र अग्रवाल अनिरुद्ध सिंह राजपूत पुरुषोत्तम राजपूत हरिओम श्रीवास दीपक कहार सहित सांई समिति के समस्त सदस्य एवं श्रद्धालु बंधु उपस्थित थे।



## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती विद्यालय में कार्यक्रम

**नवभारत। गोटेगांव** स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्याख्याता राम सिया मिश्रा और प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कियाद्व व्याख्याता राम सिया मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वंदे मातरम गीत 150 वर्ष पूर्व बंगाल भाषा और हिंदी के मिश्रित रूप में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया था। उन्होंने इसे अपने उपन्यास आनंद मठ में शामिल किया था। वहीं प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने वंदे मातरम की व्याख्या करते हुए इसे मां तुझे प्रणाम करता हूं के रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन हुआ जिसने सभी को देशभक्ति से भर दिया ।कार्यक्रम में किशोर शुक्ला संजय जैन अनिल अग्निहोत्री सरदार पटेल पूजा यादव ज्योति दुबे प्रतिभा पाठक कल्पना चौरसिया किरण चौरसिया तुलसा नामदेव मोनिका सारिका अग्रवाल सरिता पटेल सेल्वी पटेल सहित कई शिक्षक और छात्र शामिल हुए।

## काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

**नवभारत।करेली।** नगर की सामाजिक साहित्यिक संस्था वाग्दत्ता साहित्य समिति द्वारा गत दिवस साहित्यिक उपक्रम के तहत ग्राम भुगवारा स्थित ज्योति - संध्या दुबे के निवास स्थान पर काव्य गोष्ठी का आयोजन नगर के वरिष्ठ गीतकार दादा बाबूलाल दुबे, वरिष्ठ साहित्यकार माते कालिदास बघेल प्रेम, शील कुमार दुबे के सारस्वत आतिथ्य में आयोजित हुई। अतिथि सम्मान पश्चात सर्वप्रथम माँ सरस्वती की वंदना आमगांव बड़ा के सुनील नामदेव तन्हा ने प्रस्तुत की तो वहीं बाम्हनबाड़ा से पधारे कवि अनंत स्वामी अंबर ने गुमसुम क्यों रहती माँ तेरी क्या लाचारी है, मुझे बता क्या मेरी डोली उठने वाली है, बापू का चेहरा भी उतरा उतरा रहता है, अबके बापू ने क्यों कर डाली बड़ी उधारी है..रचना की प्रस्तुति दी। राँकई से पधारे अब्दुल गफ्फार भारती ने तरन्नुम के हवाले से गीत गड़ल की सुरमय प्रस्तुतियाँ दी आपने गड़ल गुनगुनाकर माहौल



जमाया। आमगांव बड़ा के सुनील तन्हा ने जीवन की सच्चाई को बयां करती कविता सुनाते हुए हास्य की बयार छोड़ी। युवा हस्ताक्षर अंशुल श्रीवास्तव नादान ने शोहरत मिलना इतना भी आसान नहीं, दुखड़ो को भी लय में गाना पड़ता है। गड़ल पेश की। डॉं. दिग्विजय सिंह राजपूत ने माँ नर्मदा की महिमा को भजन के माध्यम से रखा। वरिष्ठ कवियत्री श्रद्धा दुबे ने जबलपुर की चौसठ योगिनी का चित्रण कविता के जरिए रखा। तो आपने..प्रतिम होकर अप्रतिम बोध साकार और निराकार रूप अतुलनीय आभास परब्रम्ह का करा देता है सामीप्य सहज में प्रस्तुत की। सुधा भार्गव ने सम सामायिक विषयों पर रचना पाठ किया। ज्योति पाठक ने अनूठी कृति माँ पर रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन कर रहे करेली के रचनाकार अमित जैन संजय ने इस सफर में जिंदगी पत्थर तो देखे हैं बहुत, अब गुजारिश फूलों की बरसात होना चाहिए गजल सुनाकर तालियां बटोरी। जबलपुर से पधारी कवियत्री संध्या दुबे ने दुख में भी खुशी का अहसास होता है..रचना सुनाई। सारस्वत अतिथि नगर के वरिष्ठ कवि शील कुमार दुबे ने जाम अगर ईमान का हो, ताउम्र खुमारी रहती हैं।

## शहर में धड़ल्ले से चल रहा कबाड़ का अवैध कारोबार

### बिना सत्यापन के साईकिल, मोटरसाईकिल एवं अन्य चोरियों के समानों को बेधड़क काट रहे

**नवभारत। गोटेगांव।** बीते लंबे समय से बिनालाइसेंस और प्रशासन की अनुमति के बिना भी होता है करोड़ों का कारोबार। इस कारोबार में किसी का नहीं है नियंत्रण। धड़ल्ले से फल-फूल रहा है अवैध कारोबार। छोटे मासूम बच्चों को धंधे में लगा कर धकेल रहे अपराध की दुनिया में साथ ही छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य अंधकार में और इस धंधे में बच्चों की भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है कई मामलों में ऐसा भी देखने आया है कि कबाड़ियों द्वारा मासूम नाबालिक बच्चों से कबाड़ का माल खरीदने का कार्य करा रहे हैं जिससे मासूमों की बचपन से ही पढ़ाई लिखाई छोड़कर कबाड़ इकट्ठा कर बिनने में लग रहा है सर्व शिक्षा अभियान के तहत सरकार बच्चों को मुक्त शिक्षा मध्यान भोजन ड्रेस छात्रवृत्ति पुस्तक सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है लेकिन कबाड़



व्यवसायी पैसे के लालच में बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेल रहे हैं। जिले में दो दर्जन से अधिक कबाड़ के व्यवसायी हैं। जो साल में करोड़ों का कारोबार करते हैं। जिले में इन दिनों धड़ल्ले से कबाडिों का अवैध कारोबार चल रहा है। इस व्यवसाय को करने के लिए तो किसी को लाइसेंस की जरूरत होती है और ही किसी की अनुमति की आवश्यकता होती है। इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर की जरूरत होती है। स्टॉक रजिस्टर में खरीद-बिक्री किए गए समान को दर्ज कर इस व्यवसाय को आसानी से किया जा सकता है। इस व्यवसाय में पुलिस और प्रशासन का कोई रोकटोक नहीं होता है। मजेदार बात यह कि जिले में दो दर्जन से भी अधिक कबाड़ के व्यवसायी हैं। जो बेरोकटोक बेखौफ कारोबार कर रहे हैं। इन पर किसी का नियंत्रण नहीं होने से जिले में दिनों दिन कबाडिों की संख्या में बढ़ती जा रही है।

### चोरी का माल बेधड़क खरीद रहे

कबाड़ी बिना सत्यापन के साइकिल, मोटरसाइकिल एवं अन्य चोरियों के समानो को बेधड़क खरीद रहे हैं। इस व्यवसाय में जिले के बाहर से आए लोग सक्रिय हैं। उनके द्वारा ही जिले में इस व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। आलम यह है कि पुलिस कबाडि?ों पर नकेल नहीं कस पा रही है। कभी कभार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी की जाती है। जिले में अक्सर सोलर प्लेट, साइकिल बाइक चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। दिन-दहाड़े सार्वजनिक स्थानों से साइकिल और बाइक चोरी हो रहीं हैं। साइकिल चोरी होने पर अमूमन लोग थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते, क्योंकि पुलिस इसे छोटा मामला बताकर ध्यान



## पोस्ट ऑफिस में सर्वर फेल होने से स्पीड पोस्ट की सेवाएं प्रभावित

**नवभारत। गाडरवारा।** पोस्ट ऑफिस में सर्वर फेल होने के कारण फिलहाल स्पीड पोस्ट की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय डाकघर में यह समस्या कई दिनों से जारी है, जिससे स्पीड पोस्ट, पार्सल बुकिंग, आधार से जुड़े काम आदि बाधित हो रहे हैं। सर्वर की धीमी गति या डाउन रहने के कारण डाकघर में ग्राहकों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और कई बार सेवा पूरी तरह ठप हो जाती है। बताया जाता है कि डाक विभाग इस समस्या को जल्द ठीक करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल सर्वर अपग्रेडेशन और तकनीकी दिक्कतों के कारण यह परेशानी बनी हुई है। मुख्य कारणों में नया सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, केंद्रीय सर्वर की क्षमता कम होना और सिस्टम के अपग्रेडेशन शामिल हैं। डाकघर के अधिकारी भी कहते हैं कि जब तक सर्वर ठीक नहीं होता, तब तक। ऑनलाइन बुकिंग और अपडेट नहीं हो पाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है और कई लोग घंटों इंतजार के बाद बिना काम किए लौट रहे हैं। इसलिए, यदि आप स्पीड पोस्ट करवाना चाहते हैं तो फिलहाल सर्वर की समस्या का समाधान होने तक प्रतीक्षा करें या डाकघर से जानकारी लेते रहें। यह समस्या प्रायः कुछ दिनों में दूर कर दी जाती है, लेकिन अभी यह नहीं पता कि कब तक पूरी तरह सुधर जाएगी।